C M Y K

Web: www.uttaranchaldeep.com

Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में शुक्रवार
सायं 5:31 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में शनिवार
सुबह 7:12 बजे

सांध्य दैनिक

# उत्तरांचल दीप

सबके हाथ सच के साथ

हल्द्वानी | वर्ष 18 अंक 169 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | शुक्रवार, 26 दिसंबर 2025



दृश्यम 3 कैसा होगा रजत...पेज-3 पर

## सीएम धामी ने नैनीताल में आयोजित विंटर कार्निवाल में किया प्रतिभाग

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

सीएम पुष्कर सिंह धामी ने वीरवार को पर्यटन नगरी नैनीताल में आयोजित विंटर कार्निवाल में प्रतिभाग किया। उन्होंने शीतकालीन पर्यटन को जन आंदोलन बनाने और उत्तराखंड को समृद्ध एवं आत्मनिर्भर बनाने में सहयोग का आह्वान करते हुए कहा कि शीतकालीन पर्यटन आत्मनिर्भर उत्तराखंड की मजबूत नींव है। उन्होंने कहा कि नैनीताल कार्निवाल उत्तराखंड की आस्थाए संस्कृतिए परंपरा और स्वाभिमान का उत्सव होने के साथ.साथ श्विकास भीदृविरासत भीश् की सोच को



साकार करता है। सीएम धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के शीतकालीन यात्रा के आह्वान से राज्य के सभी पर्यटन क्षेत्रों में शीतकालीन पर्यटन को लेकर अभूतपूर्व उत्साह देखने को मिल रहा है। इससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर सृजित हो रहे हैं। युवा ट्रेकिंग गाइड व होम.स्टेए होटल एवं पर्यटन से जुड़े अन्य कार्यों के माध्यम से आत्मनिर्भर बन रहे हैं और इन क्षेत्रों में पलायन में कमी आई है। उन्होंने कहा कि शीतकालीन पर्यटन से लोक कलाकारों, हस्तशिल्प पारंपरिक व्यंजनों और स्थानीय उत्पादों को नया बाजार मिलेगा। उन्होंने कहा कि सरकार विकास के साथ साथ सांस्कृतिक मूल्यों व कानून व्यवस्था और पारदर्शिता को भी सशक्त बना रही है। सीएम ने कहा कि नैनीताल में आयोजित विंटर कार्निवाल से क्षेत्र में बढ़ते पर्यटन विकास को और अधिक गति मिलेगी। उन्होंने नैनीताल विंटर कार्निवाल की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह शीतकालीन कार्निवाल कई मायनों में विशेष है क्योंकि आज हम जहां एक ओर नैनीताल में इस भव्य विंटर कार्निवाल के लिए एकत्रित हुए हैं वहीं नैनीताल के समग्र विकास के लिए सैंकड़ों करोड़ रुपए की परियोजनाओं को भी जनता को समर्पित किया है। आज का यह दिन इसलिए भी अत्यंत विशेष है क्योंकि आज हमारे पृथक राज्य निर्माण के स्वप्न को साकार करने वाले भारतीय राजनीति के अजातशत्रु पूर्व प्रधानमंत्री परम श्रद्धेय भारत रत्न स्व अटल बिहारी वाजपेयी जी की जन्म जयंती भी हैए इस अवसर पर समस्त प्रदेश वासियों की ओर से श्रद्धेय अटल बिहारी बाजपेयी जी को कोटि कोटि नमन करते हुए उन्हें भावांजलि अर्पित करता हूं। इस दौरान माननीय मुख्यमंत्री द्वारा उत्तराखंड के लोक कलाकारों द्वारा प्रस्तुत की गई विभिन्न प्रस्तुतियों का भी आनंद लिया गया इस अवसर पर विधायक नैनीताल सरिता आर्या, विधायक कालाढूंगी बंशीधर भगत, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रताप बिष्ट, उत्तराखंड सरकार में दायित्वधारी डॉ अनिल कपूर,सुरेश भट्ट, दिनेश आर्या,शांति मेहरा नवीन वर्मा,आयुक्त कुमाऊं व सचिव मुखयमंत्री दीपक रावत, जिला अधिकारी ललित मोहन रयाल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ मंजूनाथ टीसी सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि व देश के विभिन्न राज्यों से आए पर्यटकए क्षेत्रीय जनता आदि उपस्थित रही।

### News कॉर्नर

## अब 24 फरवरी को रेलवे बनाम बनभूलपुरा का मामले की सुनवाई

हल्द्वानी। रेलवे बनाम बनभूलपुरा का मामले की एक बार फिर से आगे बढ़ गई। अब 24 फरवरी को बहुचर्चित मामले की सुनवाई होने की संभावना जताई जा रही है।बनभूलपुरा रेलवे भूमि प्रकरण में एक बार फिर सुनवाई टल गई है। सुप्रीम कोर्ट की आधिकारिक वेबसाइट के अनुसार, इस मामले की संभावित सुनवाई अब 24 फरवरी 2026 को होगी। इससे पहले यह मामला 3 फरवरी 2026 को सूचीबद्ध बताया गया था।लगातार तारीखों में बदलाव से वर्षों से लंबित इस विवाद को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है। गौरतलब है कि इससे पहले 2 दिसंबर फिर 10 दिसंबर को मामला सुनवाई के लिए सूचीबद्ध था, लेकिन उसी दिन एक महत्वपूर्ण मामले में लंबी दलील के कारण सुनवाई नहीं हो सकी थी। बाद में 16 दिसंबर 2025 को सुनवाई की संभावना जताई गई थी, लेकिन 3फरवरी 2026 तेय की गई थी जिसे अब आगे बढ़ा दिया गया है। इस मामले को लेकर अब सभी की निगाहें 24 फरवरी 2026 में होने वाली संभावित सुनवाई पर टिकी हैं।

वीर बाल दिवस

## वीर साहिबजादे भारत का गौरव: प्रधानमंत्री मोदी

**नई दिल्ली**

एजेंसी

आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीर बाल दिवस के मौके पर बच्चों को संबोधित किया। कार्यक्रम का आयोजन भारत मंडपम में किया गया है। बता दें कि सरकार ने साल 2022 में 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस मनाने का एलान किया था। इसके बाद हर वर्ष इस दिन कई खास कार्यक्रमों का आयोजन होता है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को वीर बाल दिवस के मौके पर नई दिल्ली में स्थित भारत मंडपम में बच्चों को संबोधित किया। भारत मंडपम में हुए आयोजन से पहले प्रधानमंत्री ने इस वर्ष वीरता पुरस्कार से सम्मानित बच्चों के साथ संवाद भी किया। बच्चों के साथ मुलाकात करने की वीडियो भी सामने आया है। पीएम नरेंद्र मोदी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, %आज देश वीर बाल दिवस मना रहा है। अभी वंदे मातरम की सुंदर प्रस्तुति हुई। आज हम उन वीर साहिबजादों को याद कर रहे हैं, जो भारत का गौरव हैं।% उन्होंने कहा, %वीर साहिबजादे भारत के अदम्य



साहस, शौर्य, वीरता की पराकाष्ठा हैं। वीर साहिबजादों ने उम्र और अवस्था की सीमाओं को तोड़ दिया। वे क्रूर मुगल सल्तनत के सामने चट्टान की तरह खड़े हो गए। इससे मजहबी कट्टरता और आतंक का वजूद ही हिल गया।

आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीर बाल दिवस के मौके पर बच्चों को संबोधित किया। कार्यक्रम का आयोजन भारत मंडपम में किया गया है। बता दें कि सरकार ने साल 2022 में 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस मनाने का एलान किया था। इसके बाद हर वर्ष इस दिन कई खास कार्यक्रमों का आयोजन होता है। बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सिखों के गुरु श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के पुत्र साहिबजादे बाबा जोरावर सिंह जी और बाबा फतेह सिंह जी के असाधारण साहस और सर्वोच्च बलिदान की स्मृति में 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस मनाने का एलान किया था। उन्होंने आज वीरता पुरस्कार से नवाजे गए बच्चों से मुलाकात के पहले एक्स हैंडल पर लिखा, %वीर बाल दिवस श्रद्धा का दिन है, जो वीर साहिबजादों के बलिदान को याद करने के लिए समर्पित है।

## भाजपा की 2014 से ही हर मुद्दे पर जुमलेबाजी चल रही: भाकपा माले

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

बिंदुखत्ता को राजस्व गांव की प्रक्रिया से दूर धकेल दिया है। पिछले साल सितंबर 2024 को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा बिंदुखत्ता राजस्व गांव की घोषणा को विलोपित करने के बाद एक साल से भी अधिक समय बीत चुका है लेकिन इसके विपरीत भाजपा और विधायक जल्दी ही राजस्व गांव बनाने का दावा करके जनता को गुमराह करते रहे। यह न सिर्फ जनता से वादाखिलाफी है बल्कि भाजपा सरकार और विधायक का जनता के खिलाफ आपराधिक कृत्य है। भाकपा माले नैनीताल जिला सचिव डॉ कैलाश पाण्डेय ने प्रेस बयान जारी कर यह बात कही। उन्होंने कहा कि, भाजपा की 2014 से ही हर मुद्दे पर जुमलेबाजी चल रही है। राज्य की भाजपा सरकार और लालकुआं विधायक ने पहले अपनी जुमलेबाजी में कहा कि वनाधिकार के दावे पारित करा दिए अब तो राजस्व गांव में कोई बाधा नहीं है, वनाधिकार के झूठ का जाप करके यहां की जनता को भ्रमित किया, जबकि वनाधिकार के तहत बिंदुखत्ता दायरे में नहीं आता. उसके बाद वनाधिकार के दावे वापस करा दिए गए. अब राजस्व गांव की घोषणा विलोपित करने की खबर आ रही है. बिंदुखत्ता की जनता से की गई इस धोखाधड़ी के लिए मुख्यमंत्री और विधायक जिम्मेदार हैं उनको इसका जनता को जवाब देना चाहिए। माले जिला सचिव ने कहा कि, राज्य की धामी सरकार दशकों से वन भूमि पर बसी हुई आबादी को उजाड़ने की लगातार फ़िराक़ में है. इसी क्रम में भाजपा ने माननीय सुप्रीम कोर्ट के माध्यम से उत्तराखण्ड की वन भूमि पर बसी आबादी को जमीन पर कब्जा हटाने का आदेश पारित कराया और अब यह जो बिंदुखत्ता राजस्व गांव की घोषणा विलोपित करने की खबर सामने आयी है उसने भाजपा के बिंदुखत्ता राजस्व गांव और वन भूमि पर बसे हुए लोगों के प्रति रुख को स्पष्ट कर दिया है कि भाजपा वन भूमि पर बसी हुई आबादी को उजाड़ने पर आमादा है. ऐसे में बिंदुखत्ता की जनता के सामने इस जनविरोधी सरकार के विरुद्ध संघर्ष ही एकमात्र विकल्प है। भाकपा माले बिंदुखत्ता, बागजाला, पुछड़ी, सुल्ताननगरी, सुंदरखाल, वन खत्तों समेत वन भूमि पर बसी हुई सारी आबादी से अपील करती है कि भाजपा के गरीब उजाड़ो बुलडोजर राज के खिलाफ एकजुट होकर संघर्ष तेज करें, तभी इस सरकार को घुटने पर लाया जा सकता है।

## पर्वतीय इलाकों के साथ मैदानी क्षेत्रों में भी घना कोहरा छाया, ऑरेंज अलर्ट

**देहरादून**

हमारे संवाददाता

मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से देहरादून समेत हरिद्वार, ऊधमसिंह नगर, चंपावत, नैनीताल और पौड़ी जिले के कुछ हिस्सों में भीषण शीत दिवस रहने का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

उत्तराखंड के पर्वतीय इलाकों के साथ मैदानी क्षेत्रों में भी घना कोहरा छाने से शुक्रवार को शीत दिवस जैसी स्थिति रहेगी। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से देहरादून समेत हरिद्वार, ऊधमसिंह नगर, चंपावत, नैनीताल और पौड़ी जिले के कुछ हिस्सों में भीषण शीत दिवस रहने का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इन जिलों के कुछ इलाकों में घना कोहरा छाए रहने की संभावना है। इसके अलावा उत्तरकाशी, चमोली और पिथौरागढ़ जिले के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश के साथ बर्फबारी होने के आसार हैं। खासकर 3500 मीटर से अधिक ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी होने की संभावना है। इसका सीधा असर प्रदेश भर के तापमान पर देखने को मिलेगा। आने वाले दिनों की बात करें तो 27 से 29 दिसंबर तक प्रदेश भर में मौसम शुष्क रहेगा। जबकि नए साल के मौके पर बारिश-बर्फबारी का तोहफा मिलने के आसार हैं। 30 व 31 दिसंबर को पर्वतीय जिलों में हल्की बारिश व बर्फबारी होने की संभावना है। हालांकि मैदानी इलाकों में मौसम शुष्क रहेगा।

## भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेई की जयंती पर अटल स्मृति सम्मेलन आयोजित

**किच्छा**

हमारे संवाददाता

भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेई की 101वीं जयंती के अवसर पर किच्छा विधानसभा में आयोजित अटल स्मृति सम्मेलन का शुभारंभ मुख्य वक्ता साकेत अग्रवाल एवं पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने संयुक्त रूप से अटल जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलित कर किया।

इस मौके पर मुख्य वक्ता साकेत अग्रवाल ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेई जी का व्यक्तित्व बहुआयामी था—वे कुशल राजनेता, संवेदनशील कवि, प्रखर वक्ता और दृढ़ राष्ट्रनायक थे। उन्होंने अटल जी की वैचारिक यात्रा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विचारधारा में दृढ़ता और व्यवहार में उदारता ही अटल जी की सबसे बड़ी पहचान थी। अटल जी ने लोकतांत्रिक



मूल्यों को सुदृढ़ करते हुए राजनीति को सेवा,संवाद और सहमति का माध्यम बनाया, जो आज भी देश के लिए प्रेरणास्रोत है। पूर्व विधायक शुक्ला ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेई ने राष्ट्र निर्माण का जो अटल मॉडल देश को दिया, वह सुशासन, विकास और सामाजिक समरसता पर आधारित था। अटल जी के नेतृत्व में सड़क, संचार, शिक्षा और रक्षा के क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य हुए, जिनकी नींव पर आज का भारत मजबूती से खड़ा है। अटल जी का सुशासन ही आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प का आधार है। पीएम मोदी अटल जी के विचारों को आगे बढ़ाते हुए देश को आत्मनिर्भर, सशक्त और विश्वगुरु बनाने की दिशा में निरंतर कार्य कर रहे हैं। अटल बिहारी वाजपेई के द्वारा उत्तराखंड के लिए घोषित विशेष औद्योगिक पैकेज राज्य के आर्थिक विकास में मील का पत्थर साबित हुआ। आज उत्तराखंड में औद्योगिक विकास, बुनियादी ढांचे का विस्तार और रोजगार सृजन अटल जी की दूरदर्शी सोच का प्रतिफल है।

इस दौरान कार्यक्रम संयोजक धर्मराज जायसवाल,मंडल अध्यक्ष गोल्डी गोराया,जिला मीडिया प्रभारी विजय तोमर, मनमोहन सक्सेना,जिलाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा हारून मलिक, जिला अध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा राजेश कोली, सांसद प्रतिनिधि राकेश गुप्ता,जितेंद्र गौतम, संदीप अरोड़ा, संजीव खन्ना, नरेंद्र ठुकराल,दया दसीला, कविता मान,अंकित पाठक, टीकम सिंह कोरंगा, सतीश गुप्ता, करुणा तिवारी,रेनू यादव, कुसुम गंगवार, प्रियंका, लता गंगवार, जश्मीरी देवी, संगीता शर्मा, मधु गुप्ता, रजनी, ओम तनेजा, दीप नारायण यादव, इफ्तिखार मियां, अमरनाथ कश्यप, देवेंद्र शर्मा, जितेंद्र गुप्ता, शैलजा कांत शंकर समेत विधानसभा क्षेत्र के सभी शक्ति केंद्र संयोजक आदि मौजूद रहे।

# नैनीताल में सीएम ने किया 13 विकास कार्यों का शिलान्यस व लोकार्पण



**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

सीएम पुष्कर सिंह धामी ने बीरवार को नैनीताल में 121 करोड़ 52 लाख 46 हजार रुपये की लागत के 13 विकास कार्यो का( जिसमें 30 करोड़ 66 लाख रुपए की लागत के दो योजनाओं का लोकार्पण जबकि 90 करोड़ 86 लाख 46 हजार रूपये की लागत के 11 योजनाओं का शिलान्यास शामिल था ) लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इसके साथ ही उन्होंने 42 करोड़ 77 लाख 31 हजार रुपये की लागत से बनने वाली नैनीताल की बहु प्रतीक्षित मेट्रोपोल सर्फेस पार्किंग का भूमि पूजन किया।

लोकार्पण योजनाओं में 29 करोड़ 16 लाख की लागत से नैनीताल के सूखाताल झील को रिचार्जिंग जोन एवं टूरिस्ट डेस्टिनेशन प्वाइंट के रूप में विकसित किया गया जिसके अंतर्गत सूखाताल झील का संवर्धन एवं सौंदर्यीकरण का कार्य कराया गया। योजना अंतर्गत स्थल पर दो झीलों का निर्माण व उनके मध्य डकट का निर्माण तथा झील में पानी की शुद्धता हेतु एयरेशन प्लांट की स्थापना,9 दुकानों का निर्माण, शौचालय बलॉक का निर्माण व विकसित स्थल पर प्रवेश हेतु मुखय मार्ग से लगते हुए लिफट एवं ट्रांजिट भवन का निर्माण एवं झील के चारों तरफ पैदल पथ का निर्माण कराया गया। इसके अतिरिक्त 1 करोड़ 50 लाख रूपये की लागत से हल्द्वानी में जिला खनिज न्यास योजना अंतर्गत स्वीकृत कालाढूंगी रोड स्थित राजकीय बालिका इंटर कॉलेज हल्द्वानी में पुस्तकालय के संरचनात्मक दृढ़ता एवं पुनरुद्धार का कार्य कराया गया।

सीएम धामी द्वारा जिले के विभिन्न क्षेत्रों के विकास हेतु कुल 11 योजनाओं का शिलान्यास किया जिसमें 9 करोड़ 63 लाख 9 हजार रूपये की लागत से जनपद नैनीताल के विधानसभा क्षेत्र नैनीताल के विकासखंड बेतालघाट में दूनीखाल से रातीघाट पाडली मोटर मार्ग के किलोमीटर 11 में 74.15 मीटर स्थान के प्री स्ट्रेस सेतु (मोटर पुल) का निर्माण किया जाएगा जिससे क्षेत्र में सुगम आवागमन, आध्यात्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलने के साथ ही क्षेत्र की सामाजिक आर्थिकी में सुधार आएगा। नैनीताल जिला मुखयालय में 34 करोड़ 3 लाख 13 हजार रुपये की लागत से नेशनल होटल तल्लीताल में प्राधिकरण की कार पार्किंग से लगती नगर पालिका की भूमि पर ऑटोमेटेड मैकेनाइज्ड मल्टीलेवल पार्किंग का निर्माण किया जाएगा जिसमें 202 चार पहिया एवं 96 दो पहिया वाहनों हेतु पार्किंग का निर्माण किया जाएगा। पार्किंग निर्माण से जन सामान्य में पर्यटकों को पार्किंग सुविधा का लाभ मिलेगा। रामनगर में 38 करोड़ 57 लाख 64 हजार रुपए की लागत से मुखयमंत्री की घोषणा रामनगर पुरानी तहसील की खाली भूमि पर बहु मंजिला पार्किंग निर्माण किया जाएगा। पार्किंग स्थल पर 343 वाहनों हेतु पार्किंग सुविधा एवं 16 दुकानों का निर्माण कार्य किया जाएगा जिससे क्षेत्र वासियों एवं पर्यटकों को वाहन पार्किंग की सुविधा मिलेगी।रामनगर में 10 लाख 29 हजार की धनराशि से जिला खनन न्यास निधि के अंतर्गत विकासखंड रामनगर के पेयजल से जुड़े राजकीय नलकूपों से 62 आर0जी0 ग्राम शंकरपुर में एक सर्वो वोल्टेज स्टेबलाइजर की स्थापना की जाएगी जिससे क्षेत्र में लो वोल्टेज की समस्या का समाधान होगा। रामनगर में 10 लाख 29 हजार रुपये की लागत से जिला खनन न्यास निधि के अंतर्गत विकासखंड रामनगर के पेयजल से जुड़े राजकीय नलकूपों से 17 आर0जी0 ग्राम जोगीपुरा में एक सर्वो वोल्टेज स्टेबलाइजर की स्थापना की जाएगी जिससे क्षेत्र में लो वोल्टेज की समस्या का समाधान होगा। जनपद नैनीताल के विकासखंड बेतालघाट में 60 लाख 57 हजार रुपये की लागत से ग्राम अमेल में नलकूप के स्थान 1 लिफट सिंचाई योजना का निर्माण किया जाएगाए जिससे किसानों की सिंचाई का समाधान होगा। विधानसभा हल्द्वानी में 61 लाख 23 हजार रुपए की लागत से चार विद्यालयों की मरमत एवं निर्माण का कार्य किया जाएगा। जिससे छात्र.छात्राओं को अधिक सुरक्षित व स्वच्छ माहौल एवं पठन.पाठन में सुविधा मिलेगी। विधानसभा लालकुआं अंतर्गत 4 करोड़ 4 लाख 33 हजार रुपए की लागत से 14 विद्यालयों एवं 1 आंगनबाड़ी केंद्र की मरमत एवं निर्माण का कार्य किया जाएगा जिससे छात्र.छात्राओं को बेहतर पठन पाठन व सुविधा का लाभ मिलेगा।विधानसभा कालाढूंगी में 2 करोड़ 8 लाख 85 हजार की लागत से पांच विद्यालयों तथा एक सड? निर्माणए एक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तथा एक उपकेंद के मरममत व निर्माण के कार्य किए जाएंगे। विधानसभा रामनगर के अंतर्गत 78 लाख 22 हजार की लागत से 4 विद्यालयों में मरमत व निर्माण के कार्य किए जाएंगे। जिले के गोला नदी के दानीजाला में 28 लाख बयाज 82 हजार रुपए की लागत से रिवर क्रॉसिंग केबल का निर्माण कार्य कराया जाएगा।

इस अबसर पर मुखयमंत्री धामी ने कहा कि यह सभी विकास कार्य जनपद नैनीताल के आधारभूत ढांचे को मजबूत करने तथा पर्यटन सुविधाओं को बढ़ाने व जनोपयोगी विकास कार्यों को आगे बढ़ाने तथा रोजगार के नए अवसर सृजित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार राज्य में निरंतर आधारभूत जनसुविधाओं को और अधिक सुदृढ़ करने,अंतिम छोर में खड़े व्यक्ति को सरकारी योजनाओं का लाभ प्रदान करने हेतु निरंतर संकल्पबद्ध है। इस अवसर पर विधायक नैनीताल सरिता आर्या समेत भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, उत्तराखंड सरकार में दायित्वधारी डॉ अनिल कपूर, दिनेश आर्या, नवीन वर्मा तथा मंडी परिषद के सलाहकार सदस्य मनोज जोशी, आयुक्त कुमाऊँ व सचिव मुखयमंत्री दीपक रावत, जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ मंजूनाथ टी सी सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि आदि मौजूद रहे।



# जीआईसी मंगोली में गणित प्रतियोगिता का आयोजन

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

नैनीताल जिले के भीमताल विकास खंड के तहत राजकीय इंटर कॉलेज मंगोली में कक्षा 10 के छात्र-छात्राओं की गणित विषय पर प्रतियोगिता आयोजित की गई।

बता दें प्रतियोगिता में विद्यालय के 31 छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया। विद्यार्थियों ने प्रश्न मंच एवं सूत्र लिखो प्रतियोगिता में बढ़ चढ ?र भाग लिया। प्रतियोगिता में दिव्यांशु मेहरा ने प्रथम जबकि हिमांशी बिष्ट ने द्वितीय तथा मीनाक्षी कनवाल और आशीष मेहरा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

विद्यालय के प्रधानाचार्य चंद्रशेखर जोशी और चिकित्सा अधिकारी कर्मेंद्र सकसेना ने विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया। प्रतियोगिता का संचालन भूपसल सिंह मेहता और चंद्रशेखर जोशी ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक उपस्थित थे।

# जीजीआईसी एनएनएस की स्वयंसेवियों ने चलाया मनोरा गांव में सफाई अभियान

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

नगर के पीएमश्री एयू जीजीआईसी के सात दिनी एनएसएस शिविर के तहत वीरवार को स्वयंसेवी छात्र छात्राओं ने समीपवर्ती मनोरा गांव में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया।

इसके अलावा बौदिक सत्र में स्वयंसेवियों को मोनिका बिष्ट व ऋतु सैनी की ओर से पर्यावरण संरक्षण पर विस्तार से जानकारी दी गयी। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए खाली स्थानों में अधिक से अधिक पौधरोपण करना तथा पौधों के बड़े होने तक उनकी सुरक्षा का संकल्प लेना बहुत जरूरी है।

उन्होंने कहा कि एनएसएस शिविर के माध्यम से स्वयंसेवी छात्राएं पर्यावरण संरक्षण को लेकर जनजागरुकता अभियान चला सकती हैं। इस मौके पर एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी मोनिका बिष्ट की ओर से स्वयंसेवी छात्राओं को कई जरुरी टिप्स दिए।



## NEWS / फटाफट

### एनएसएस स्वयंसेवियों ने बॉटनिकल गार्डन का किया भ्रमण

नैनीताल। भारतीय शहीद सैनिक स्कूल के एनएसएस शिविर के तहत वीरवार को स्वंयसेवियों ने कई कार्यक्रमों में अहम भूमिका निभाई। शिविर के तृतीय दिवस की शुरुआत प्रात: प्रभात जागरण से हुई। इसके पश्चात सभी स्वयंसेवियों ने योगाभ्यास एवं ईश्वर वंदना कर दिनचर्या का शुभारंभ किया। स्वयंसेवियों द्वारा एनएसएस का लक्ष्य गीत गाया गया जिससे शिविर स्थल अनुशासन और उत्साह से गूंज उठा तत्पश्चात सभी स्वयंसेवियों को एक शैक्षिक भ्रमण के अंतर्गत हिमालयन बॉटनिकल गार्डन ले जाया गया। जहां स्वयंसेवियों ने एक जन जागरूकता रैली भी निकाली और स्वच्छता के प्रति सभी को जागरूक किया गया वहां फ रिस्ट बीट ऑफि सर अरविंद कुमार द्वारा स्वयंसेवियों को उत्तराखंड में पाए जाने वाले विभिन्न औषधीय पौधों की विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि हमारे आसपास अनेक ऐसे औषधीय पौधे मौजूद हैं जिनके उपयोग से हम अनभिज्ञ हैं। साथ ही उन्होंने विभिन्न विदेशी (एक्जॉटिक) पौधों के बारे में भी महत्वपूर्ण जानकारियाँ साझा कीं।भ्रमण के दौरान स्वयंसेवियों को कैकटस गार्डन और संग्रहालय भी दिखाया गया जहाँ श्री अरविंद कुमार ने विभिन्न प्रकार के कैकटस पौधों में अंतर करनाए उनके उपयोग और पहचान के बारे में विस्तार से बताया।

# अंकिता भंडारी को न्याय दिलाने की मांग को लेकर जनआंदोलन का समापन

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड क्रांति दल द्वारा अंकिता भंडारी को न्याय दिलाने की मांग को लेकर आयोजित जनआंदोलन का सफलतापूर्वक समापन किया गया। यह कार्यक्रम कमल जोशी, पूर्व केंद्रीय प्रभारी (युवा प्रकोष्ठ) के नेतृत्व में शांतिपूर्ण, लोकतांत्रिक एवं अनुशासित तरीके से संपन्न हुआ।

मुखानी चौराहे से प्रारंभ हुए इस जनआंदोलन में बड़ी संख्या में युवाओं, माताओं-बहनों और आम नागरिकों ने भाग लिया और सरकार से जवाबदेही की माँग की।इस अवसर पर उत्तराखंड क्रांति दल के केंद्रीय युवा प्रभारी कमल जोशी ने कहा अंकिता भंडारी सिर्फ एक नाम नहीं है, बल्कि उत्तराखंड की हर बेटी की सुरक्षा और सम्मान का सवाल है जब तक दोषियों को कड़ी सज़ा नहीं मिलती, उत्तराखंड क्रांति दल चुप नहीं बैठेगा। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने राज्य में बढ़ते अपराध, महिलाओं के खिलाफ हो रही हिंसा और सरकार की चुप्पी पर गंभीर सवाल उठाए। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया कि न्याय में देरी, न्याय से इनकार के समान है।यू के डी नेताओं ने दो टूक शब्दों में कहा कि यह आंदोलन यहीं समाप्त नहीं होगा, बल्कि आने वाले समय में इसे और व्यापक स्तर पर चलाया जाएगा।कार्यक्रम के अंत में अंकिता भंडारी को श्रद्धांजलि अर्पित कर आंदोलन का समापन किया गया।

**कार्यक्रम में उपस्थित प्रमुख पदाधिकारी:**प्रताप सिंह चौहान जिला अध्यक्ष, नैनीताल,हरीश जोशी नगर अध्यक्ष, हल्द्वानी,रवि वाल्मीकि — केंद्रीय अध्यक्ष, अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ भुवन बिष्ट — केंद्रीय संगठन मंत्री,मुकेश,हरीश कोटालियामोनिका सिंघल,सुनीता भट्ट,हरीश पांडे,अजीत चौधरी आदि मौजूद रहे।



## नोट

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

–संपादक

**पूर्व प्रधान संपादक:**
**स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी
न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# वाजपेयी जी के जन्म शताब्दी पर दीप प्रज्वलन कार्यक्रम



**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

भारतीय जनता पार्टी के कुमाऊ संभाग कार्यालय में भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी के जन्म शताब्दी वर्ष के अर्न्तगत स्मृति दिवस की पर द्वीप प्रज्वलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इसमे भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा 251 द्वीप प्रज्वलित करके उनको श्रद्धासुमन अर्पित किये। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट ने पूर्व प्रधामंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के राष्ट्र निर्माण के योगदान का उल्लेख किया तथा उन्होने बताया कि अटल स्मृति वर्ष पर विभिन्न कार्यक्रमो का आयोजन मण्डल व मोर्चा द्वारा किया जाएगा। जिसमे जिला मुख्यालय में 07 दिवसीय अटल स्मृति प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। इसके अतिरिक्त कवि सम्मेलन, विद्यालयो में चित्रकला, भाषण व निबन्ध व महिलाओं के मध्य रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी और पुराने भाजपा कार्यकर्ताओं का भी सम्मान किया जाएगा। कार्यक्रम में प्रदेश महामंत्री तरूण बंसल, दर्जा राज्य मंत्री दिनेश आर्य, नवीन वर्मा, प्रदेश सह-मीडिया प्रभारी प्रदीप जनौटी, पूर्व जिलाध्यक्ष प्रदीप बिष्ट, जिला महामंत्री विनीत अग्रवाल, जिला उपाध्यक्ष प्रतिभा जोशी, जिला मंत्री प्रताप रैक्वाल, मण्डल अध्यक्ष मधुकर श्रोत्रिय, नीरज बिष्ट, जिलाध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा रविन्द्र बाली, पान सिंह मेवाडी, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष कंचन उप्रेती, ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष नन्हे कश्यप, कार्यकर्ता मनीष पाल, विनोद जायसवाल आदि लोग उपस्थित रहे।

# अभिमत

## खेती पर प्रहार

*तराई के बड़े एग्रीकल्चर फार्म सिमटते जा रहे हैं। रोटियों की डलिया कही जाने वाली तराई में खाद्यान्न उत्पादन गिरता जा रहा है। पंतनगर विश्वविद्यालय में शोध कार्य के लिए सीमित भूमि बची है। बीज के उत्पादन का संकट उत्पन्न हो गया है। करीब चार दशक पूर्व पंतनगर के बीज की पूरे देश में पहचान थी। अब निजी बीज विधायन संयंत्र पंतनगर के नाम से बीज का कारोबार कर रहे हैं। कृषि भूमि में रिजॉर्ट की मंजूरी पर सरकार को पुनः विचार करके रद्द करना आने वाली पीढ़ी के लिए उचित होगा।*

उत्तराखंड में पर्यटन पहले से ही प्रमुख व्यवसाय रहा है। पृथक उत्तराखंड राज्य बनने के बाद पर्यटन का विकास तेजी से हुआ है। हिमालय के प्राकृतिक सौंदर्य को निहारने के लिए पर्यटक सर्दी और गर्मी के मौसम में आते हैं। कुछ वर्षों से धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिला है। राज्य सरकार ने भी धार्मिक पर्यटन के लिए सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया है। उत्तराखंड सरकार ने कृषि भूमि पर रिजॉर्ट बनाने की मंजूरी दी है। अभी तक सिर्फ ईको रिजॉर्ट निर्माण की ही स्वीकृति थी। सरकार का तर्क है कि पर्यटन कारोबार बढ़ने से रोजगार और स्वरोजगार को बढ़ावा मिलेगा और रोजी-रोटी के लिए युवाओं का पलायन रुकेगा। पर्यटन के विकास के लिए कृषि भूमि की बलि चढ़ाना भविष्य में खाद्यान्न संकट के साथ राज्य की आर्थिक स्थिति के लिए उचित नहीं होगा। राज्य के गठन के समय कृषि क्षेत्र 7.70 लाख हेक्टेयर था। औद्योगीकरण तथा खेती और बागवानी छोड़कर अन्य कारोबार अपनाने से कृषि का क्षेत्रफल सिमट कर 5.68 लाख हेक्टेयर रह गया है। कृषि भूमि सबसे अधिक तराई क्षेत्र में है। उत्तराखंड राज्य का गठन होने के बाद हरिद्वार और उधमसिंह नगर के औद्योगिक आस्थान में उद्योगों की स्थापना के लिए कृषि की दृष्टि से अधिक उपजाऊ भूमि में फैक्ट्रियां लगा दी गईं। हरित क्रांति की जन्मस्थली का गौरव प्राप्त पंडित गोबिंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के रिसर्च और बीज उत्पादन के लिए उपयोग में आने वाली हजारों एकड़ भूमि उद्योग को देने से एशिया में सबसे बड़े कृषि विश्वविद्यालय को क्षति पहुंचाई गई। पर्वतीय क्षेत्र से अधिक लोग पलायन करते हैं। पर्वतीय क्षेत्र में बड़े उद्योग लग नहीं सकते हैं। अनुपजाऊ भूमि पर पहाड़ में कुटीर और लघु उद्योग नहीं लगाये गये। पहाड़ पर फल, सब्जी और औषधीय खेती पर लोगों की जीविका निर्भर है। बारिश पर निर्भर खाद्यान्न की फसल बहुत सीमित है। तराई से पहाड़ पर खाद्यान्न की आपूर्ति होती है। तराई, भाबर में वन विभाग की भूमि पर अतिक्रमण और कृषि भूमि पर रिजॉर्ट का निर्माण किया जा चुका है। तराई के बड़े एग्रीकल्चर फार्म सिमटते जा रहे हैं। रोटियों की डलिया कही जाने वाली तराई में खाद्यान्न उत्पादन गिरता जा रहा है। पंतनगर विश्वविद्यालय में शोध कार्य के लिए सीमित भूमि बची है। बीज के उत्पादन का संकट उत्पन्न हो गया है। करीब चार दशक पूर्व पंतनगर के बीज की पूरे देश में पहचान थी। अब निजी बीज विधायन संयंत्र पंतनगर के नाम से बीज का कारोबार कर रहे हैं। कृषि भूमि में रिजॉर्ट की मंजूरी पर सरकार को पुनः विचार करके रद्द करना आने वाली पीढ़ी के लिए उचित होगा।

# शराब के नशे में अनियंत्रित कार से मजदूरों को कुचला

## पुलिस ने ड्रिंक एंड ड्राइव में कार्रवाई कर चालक पुलिस कर्मी को लिया हिरासत में

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

नगर के तल्लीताल स्थित राजभवन मोटर मार्ग पर वीरवार को पुलिस कर्मी ने शराब के नशे में अपनी कार से राह चलते मजदूरों को कुचल दिया। हादसे में तीन मजदूर घायल हुए जिसमें से प्राथमिक उपचार के बाद दो मजदूरों की हालत गंभीर होने पर रैफर कर दिया है। पुलिस ने चालक पुलिस कर्मी के खिलाफ ड्रिंक एंड ड्राइव में कार्रवाई करते हुए हिरासत में ले लिया है।

जानकारी के मुताबिक वीरवार की सुबह लगभग 9.15 बजे के दौरान तल्लीताल से मजदूर कलेट्रेट की ओर को जा रहे थे। इस दौरान तल्लीताल गांधी चौक से कलेट्रेट को जाती कार संखया यूके 04 एएम 0069 ने मजदूरों को पीछे से टक्कर मारकर कुचल दिया। कार की टक्कर से तीन मजदूर सड ? से नीचे जा गिरे, जिसमें से दो मजदूर बिहारी लाल व मोहन राम गंभीर रूप से घायल व लहूलुहान हो गए। वहीं राजू को भी हल्की चोटें आई। हादसे के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। राहगीरों ने घायलों को अस्पताल पहुँचाया। मामले में प्रत्यक्षदर्शियों के







कहना है कि चालक पुलिस कर्मी है जो शराब के नशे में कार चला रहा था। जिसने तेज गति में कार दीवार पर टकराई और उसके बाद मजदूरों पर चढ़ा दी। लोगों का यह भी कहना है कि नशे में कार चालक में भवाली रोड रोडवेज स्टेशन पर भी लाइन मैन चंदन बिष्ट के पैर में कार का टायर चढ़ाकर भागा था। पुलिस व राहगीरों ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया। जहां उपचार के दौरान घायलों के परिजनों का जमावड़ा लग गया। इसी दौरान पुलिस चालक को पकड़ कर मेडिकल के लिए अस्पताल ले आई। मेडिकल में चालके के नशे में होने की पुष्टी हुई इस दौरान घायलों के परिजनों ने जमकर हंगामा काटा। मामले में जिला अस्पताल के डा. प्रशांत ओली ने बताया कि बिहारी लाल की कूल्हे की हड्डी व मोहन राम की रीड़ की हड्डी पर चोट आई है। उपचार के बाद दोनों को हायर सेंटर रैफर कर दिया है। इस दौरान एसपी, सीओ तथा कोतवाल व एसओ समेत पुलिस फोर्स अस्साल में तैनात रही। एसपी यातायात व अपराध डॉ. जगदीश चन्द्र ने बताया कि शराब पीकर वाहन चलाने और लोगों को घायल करने पर कांस्टेबल राकेश बोरा के खिलाफ ड्रिंक एंड ड्राइव में कार्रवाई कर वाहन सीज कर हिरासत में लिया है। बताया कि पीड़ित की ओर से शिकायत मिलने पर अग्रिम कार्रवाई भी की जाएगी।

## जयंती पर याद किया भाजपाईयों ने पूर्व पीएम अटल विहारी वाजपेई को

**नैनीताल** । नैनीताल में वीरवार को पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई की 101वीं जयंती के अवसर पर भाजपा मंडल नैनीताल द्वारा उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया गया ।

बता दें नैनीताल कलब में हुए इस कार्यक्रम में नैनीताल की विधायक श्रीमती सरिता आर्या समेत मंडल अध्यक्ष नितिन कार्की और मंडल कार्यकर्ताओं द्वारा श्रद्धेय अटल जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई तथा वक्ताओं ने उनके जीवन पर प्रकाश डाला ।

कार्यक्रम में मनोज जोशी, प्रेम सागर, संतोष कुमार, शैलेंद्र बर्गली, निखिल बिष्ट, आनंद बिष्ट, भूपेंद्र बिष्ट, खजान सिंह डंगवाल, विकास जोशी, मोहित आर्य,आशीष बजाज, राहुल नेगी, ऋ तुल कुमार, भारत मेहरा, प्रियांशु आर्य, युवराज करायत, रोहित भाटिया, अतुल पाल, पंकज भट्ट, करन साह तथा विक्रम सिंह रावत आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## भारत विकास परिषद द्वारा एक दिव्यांग सहायता शिविर

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

भारत विकास परिषद शाखा हल्द्वानी द्वारा आज एक दिव्यांग सहायता शिविर हिल्स व्यू कॉलोनी, कटघरिया स्थित दिव्यांग बच्चों की समर्पित संस्था सेवालय में लगाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत क्षेत्रीय वित्त सचिव राजेंद्र कुमार गुप्ता, प्रांतीय संयोजक रक्तदान भवानी शंकर नीरज, शाखा अध्यक्ष दीपक बख्शी, सचिव डॉ निधि अग्रवाल द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन करके किया गया तथा वंदे मातरम गान गाया गया। इसके पश्चात शिविर में उपस्थित 30 बच्चों में कुछ बच्चों को व्हीलचेयर, कुछ को वॉकर तथा सभी को ट्रैकसूट वितरित किए गए। इसके पश्चात बच्चों को जलपान कराया गया। कार्यक्रम का अंत राष्ट्रगान गीत से किया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से जितेंद्र साहनी, डॉ अभिषेक मित्तल, महिला उपाध्यक्ष एकता अग्रवाल, कोषाध्यक्ष अमित अग्रवाल, डॉ अतुल राजपाल, सौरभ अग्रवाल, सीमा बक्शी, मीनू गुप्ता सुमन जैन, हेमा बिष्ट, नवीन जिंदल, प्रवीण अग्रवाल, सौरभ अग्रवाल, पूजा जिंदल आदि सदस्य उपस्थित रहे।



## पाक्सो एक्ट की विवेचना में लापरवाही महिला एसआई को भारी पड़ गई

**रुद्रपुर।** पाक्सो एक्ट की विवेचना में लापरवाही महिला उप निरीक्षक को भारी पड़ गई। एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने इसे बड़ी चूक मानते हुए मामले को गंभीरता से लेते हुए उसे निलंबित कर दिया है।

पुलिस के मुताबिक बाजपुर कोतवाली में कुछ माह पूर्व पाक्सो अधिनियम के तहत एक प्राथमिकी पंजीकृत की गई थी। जिसकी विवेचना महिला दारोगा प्रियंका टम्टा को दी गई थी। विवेचना को काफी समय बीत जाने पर भी उसके द्वारा पीड़िता के बयान सहित अन्य तथ्य पर जांच नहीं की गई थी। इसके लिए लगातार लंबित विवेचनाओं पर काम करने के दिशा निर्देश दिए जा रहे थे। एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने बताया कि लगातार लंबित विवेचना का निस्तारण के निर्देश के बावजूद विवेचना में लापरवाही सामने आने पर महिला दारोगा को निलंबित कर दिया है। एसएसपी के मुताबिक गंभीर विवेचनाओं में लापरवाही किसी दशा में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# फिल्मी दुनिया

## दृश्यम 3 कैसा होगा रजत कपूर का रोल





*दृश्यम फिल्म का तीसरा पार्ट आने वाला है। इस फिल्म में तब्बू के पुलिसवाली पति का किरदार निभाने वाले रजत कपूर ने दृश्यम 3 में अपने रोल को लेकर किया खुलासा। अभिनेता रजत कपूर जल्द ही दृश्यम सीरीज की तीसरी फिल्म में महेश देशमुख के किरदार में वापस आएंगे। वे पुलिस अधिकारी मीरा देशमुख (जिन्हें तब्बू ने निभाया है) के पति की भूमिका में हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू में रजत ने बताया कि इस बार सस्पेंस और थ्रिलर फिल्म दृश्यम 3 में उनका किरदार कैसा होगा? स्क्रीन मैगजीन को दिए इंटरव्यू में रजत ने बताया कि अजय देवगन की इस सस्पेंस और थ्रिलर फिल्म दृश्यम 3 में उनके किरदार में कोई बड़ा बदलाव नहीं है। अपने रोल को रजत ने पुलिस वाले का पति कहा। वह और तब्बू दोनों एक ऐसे माता-पिता का रोल कर रहे हैं, जो अपने बेटे की मौत के सदमे में हैं और सच जानने की कोशिश कर रहे हैं। रजत ने मजाकिया अंदाज में कहा, मेरे रोल में कुछ खास नहीं है। मैं हर बार तब्बू के पति के रोल में उनके पीछे खड़ा था, बस इतना ही। कोई नया ट्विस्ट नहीं है। मैं अब भी तब्बू के पीछे ही खड़ा हूं। रजत ने अजय देवगन की रेड 2 में सीनियर इनकम टैक्स अधिकारी और नवाजुद्दीन सिद्दीकी की फिल्म रात अकेली है-द बंसल मर्डर्स में पुलिस अधिकारी जैसे कई सरकारी रोल निभाए हैं। इन फिल्मों में एक जैसी भूमिका निभाने पर रजत ने कहा, अरे, इनकम टैक्स, सीबीआई बस यहीं अटक गया हूं। यह सिर्फ पुलिस का रोल नहीं है।*

### दृश्यम फ्रैंचाइजी

*दृश्यम मूल रूप से मलयालम फिल्म सीरीज है, जिसका निर्देशन जीतू जोसेफ ने किया। इसमें मोहनलाल और मीना मुख्य भूमिका में हैं। यह फिल्म एक परिवार की कहानी दिखाती है, जो उत्पीड़न और हत्या से जुड़ी एक घटना से जूझता है। हिंदी वर्जन की तीसरी फिल्म का निर्देशन अभिषेक पाठक कर रहे हैं। फिल्म दृश्यम 3, 2 अक्टूबर 2026 को हिंदी में रिलीज होगी। मलयालम वर्जन की रिलीज डेट अभी घोषित नहीं हुई है।*

## राज्य आंदोलनकारी गुरुरानी ने युवाओं को किया पौधरोपण हेतु प्रेरित

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

राज्य आंदोलनकारी दिनेश गुरुरानी द्वारा राज्य में चलाया जा रहा अनूठा पौधारोपण अभियान वीरवार को 528 वें दिन भी जारी रहा।

पौधारोपण अभियान के 528वें दिन पौधारोपण से जुड़ते हुए हर्षित गुरुरानी ने एक पौधा धरती मां के नाम के तहत पर्यटक आवास गृह पिथौरागढ़ स्थित मानसरोवर यात्री वाटिका में पौधारोपण किया। हर्षित गुरुरानी ने कहा कि पौधारोपण करना प्रकृति की सच्ची सेवा है।

कार्यक्रम में नवल गुरुरानी, रजत बिष्ट,पार्थ गर्ग,अनिल गिरी, डबू कार्की, दिव्यांशु कापडी तथा गौतम जोशी शामिल रहे। दिनेश गुरुरानी ने कहा कि उनका पौधारोपण अभियान जारी रहेगा।



News कॉर्नर

## रुद्रपुर पुलिस को 8 माह बाद मिली सफलता

रुद्रपुर। मुख्य बाजार क्षेत्र स्थित एक ज्वैलर्स की दुकान से सोने की चेन देखने के बहाने चेन लेकर फरार अभियुक्त को पुलिस ने यूपी क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने चेन बरामद की है। पुलिस उसे कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई कर रही। पुलिस के मुताबिक 11 अप्रैल 2025 को हरि मंदिर गली में स्थित सोनी ज्वेलर्स की ज्वैलरी की दुकान से एक अज्ञात व्यक्ति सोने की चेन खरीदने के बहाने चेन गले में पहनकर भाग गया। पुलिस ने पीडति राकेश जडिया की तहरीर पर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। पुलिस घटना के बाद से ही फरार अभियुक्त की तलाश शुरू कर दी। एसएसआई नवीन बुधानी ने बताया कि बाजार पुलिस चौकी प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस टीम अभियुक्त की सुरागरसी में जुटी। उन्होंने बताया कि पुलिस ने तलाश के दौरान अभियुक्त के बिलासपुर क्षेत्र में होने की सूचना मिली। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने अंकित कुमार पुत्र गिरधारी लाल, निवासी ग्राम पदमी, पोस्ट बाली, थाना शीशगढ़, जिला बरेली यूपी को दबोच लिया। उन्होंने बताया कि अभियुक्त से घटना में प्रयुक्त एक पीली धातु (सोने) की चेन बरामद की है। अभियुक्त ने पूछताछ में घटना को अंजाम देने की बात कबूल की। एसएसआई ने बताया कि पूछताछ में यह भी पता चला कि अभियुक्त अंकित कुमार के विरुद्ध थाना शीशगढ़ व थाना ट्रांजिट कैंप में भी मुकदमें पंजीकृत है। कोतवाली रुद्रपुर पुलिस टीम को 8 माह माह बाद सफलता मिली है। इधर चौकी प्रभारी बाजार जितेंद्र कुमार खत्री ने बताया कि अपराधियों पर नकेल कसने के प्रयास जारी हैं। गिरफ्तारी टीम बाजार पुलिस चौकी प्रभारी जितेंद्र सिंह खत्री, एएसआई अमित कुमार,हरीश रावत आदि रहे।

# विंटर कार्निवाल में नैनीताल लोक संगीत व स्टार नाइट से गूंज उठा

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नैनीताल में चल रहे विंटर कार्निवाल में भव्य एवं रंगारंग सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। सांस्कृतिक संध्या में प्रस्तुत लोक एवं आधुनिक कार्यक्रमों ने न केवल स्थानीय नागरिकों बल्कि देश के विभिन्न राज्यों से आए पर्यटकों को भी मंत्रमुग्ध कर दिया। पहाड़ की सांस्कृतिक खुशबू और आधुनिक संगीत के संगम ने नैनीताल को उत्सवमय वातावरण से भर दियाए जहाँ दर्शक देर रात तक झूमते नजर आए। सांस्कृतिक संध्या में उच्च न्यायालय के विभिन्न न्यायाधीशों द्वारा भी सहभागिता की गई। इस अवसर पर जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल द्वारा अतिथियों का बुके भेंट कर स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।कार्यक्रम के दौरान लोक कलाकार गिरीश बरगली, इंदर आर्या एवं किसन महिपाल द्वारा पारंपरिक लोकगीतों की भावपूर्ण प्रस्तुतियाँ दी गईं वहीं पंकज जीना की प्रस्तुति ने भी दर्शकों को भावविभोर कर दिया। उत्तराखण्ड के लोकप्रिय स्टार गायक पवनदीप राजन ने कुमाऊँनी एवं हिन्दी गीतों की शानदार प्रस्तुति देकर समूचे वातावरण को संगीतमय बना दिया जिन पर दर्शक झूमते नजर आए।स्टार नाइट में सुप्रसिद्ध पंजाबी बॉलीवुड कलाकार बी प्राक की सशक्त एवं भावनात्मक प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम को चरम पर पहुँचा दिया। उनकी ऊर्जावान प्रस्तुति ने युवाओं में विशेष उत्साह भर दिया और पूरा परिसर तालियों की गूंज से गूंज उठा। सांस्कृतिक संध्या में विधायक नैनीताल सरिता आर्या, दर्जा राज्यमंत्री शांति महरा, अध्यक्ष नगर पालिका डा. सरस्वती खेतवाल,सांसद प्रतिनिधि गोपाल सिंह रावत,आयुक्त कुमाऊँ/सचिव मुखयमंत्री दीपक रावत,एसएसपी डॉ मंजूनाथ टीसी सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि व गणमान्य नागरिक व पर्यटक एवं क्षेत्रीय जनता उपस्थित रही।





# जाम के झाम से निजात दिलाने को सड़क पर उतरे महापौर

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

किच्छा बाईपास, काशीपुर बाईपास और हाईवे पर अकसर लगने वाले जाम के झाम से शहर के लोगों को राहत दिलाने के उद्देश्य से महापौर विकास शर्मा नगर निगम, पुलिस, यातायात पुलिस, सीपीयू की संयुक्त टीम के साथ स्वयं सड़कों पर उतरें।

उन्होंने जाम के वास्तविक कारणों को समझने के लिए ग्राउंड पर विस्तृत सर्वे किया और मौके पर ही आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। निरीक्षण के दौरान जाम से निजात दिलाने के लिए कई त्वरित निर्णय लिए गए। जिनमें बाईपास मार्ग स्थित ट्रांजिट कैंप रोड मो ? पर बने कट को तत्काल प्रभाव से बंद किया जाना प्रमुख रहा। यहां अक्सर लगने वाले जाम से लोगों को राहत मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। शहर में झील के पास ट्रांजिट कैंप मोड़, काशीपर बाईपास,डीडी चौक तथा इंदिरा चौक पर पिछले कुछ समय से जाम की समस्या लगातार जटिल होती जा रही थी। इसी को गंभीरता से लेते हुए महापौर ने नगर आयुक्त शिप्रा जोशी पांडे, सीओ सिटी प्रशांत कुमार और सीपीयू की टीम के साथ ट्रांजिट कैंप मो ? से लेकर डीडी चौक होते हुए इंदिरा चौक और डीडी चौक से गावा चौक तक जाम के कारणों का गहन सर्वे किया। निरीक्षण के दौरान यह बात सामने आई कि किच्छा बाईपास रोड पर ट्रांजिट कैंप मोड़ का कट जाम का बड़ा कारण बन रहा है। तुरंत बैरिकेटिंग लगाकर इस कट को बंद कर दिया गया। इसके साथ ही शॉपर स्ट्रीट मॉल के पास बने छोटे कट को भी बंद करने का निर्णय लिया गया। सर्वे के दौरान जाम के अन्य स्पॉट भी चिन्हित किए गए और संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। महापौर ने कहा कि शहर को जाम से निजात दिलाने के लिए लगातार और सुनियोजित प्रयास किए जा रहे हैं। यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने को लेकर उन्होंने एसएसपी मणिकांत मिश्रा से भी विस्तार से वार्ता की थी।फिलहाल ट्रायल के तौर पर कुछ कट बंद किए गए हैं और यदि एक सप्ताह में यह प्रयोग सफल रहता है तो इन व्यवस्थाओं को स्थायी रूप दिया जाएगा। ट्रांजिट कैंप मो ? पर कट बंद होने से लोगों को जाम से बड़ी राहत मिलेगी।झील परिसर में लगने वाले बाजार को लेकर भी सख्त रुख अपनाया। झील के बाहर सड़क पर वाहनों के खड़े होने पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया गया है। उन्होंने झील प्रबंधन को स्पष्ट हिदायत दी है कि व्यवस्थाएं तत्काल दुरुस्त की जाएं।

महापौर ने झील में लगने वाले बाजार के कारण यदि जाम की स्थिति बनी तो बाजार की अनुमति निरस्त कर दी जाएगी। उन्होंने चेतावनी दी है कि वह शहर को सुंदर बनाने में निर्णय लेने में पीछे नहीं हटेंगे।



### हाइवे चौड़ीकरण का कार्य तेज हुआ

महापौर ने कहा कि हाईवे के चौड़ीकरण का कार्य अब तेज हो गया है। बिजली के पोल हटाने में हो रही देरी और वन विभाग से कुछ पेड़ों को काटने की अनुमति न मिलने के कारण कार्य प्रभावित था, लेकिन अब सभी आवश्यक अनुमतियां मिल चुकी हैं। इसके चलते चौड़ीकरण का काम युद्ध स्तर पर किया जा रहा है और शीघ्र ही हाईवे पर लगने वाला जाम भी समाप्त होगा। इसके बाद डीडी चौक से पीएसी गेट तक लगने वाले जाम से निपटने के लिए भी अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाएगी। महापौर ने कहा कि शहरवासियों ने जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी है, उसके निर्वहन में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी।

### इंदिरा चौक से डीडी चौक कार्य होने पर जाम की स्थिति

सीओ सिटी प्रशांत कुमार ने कहा कि डीडी चौक और इंदिरा चौक शहर के प्रमुख चौराहे हैं, जहां वाहनों का दबाव अत्यधिक रहता है। वर्तमान में चौराहों और सड़क पर कार्य चल रहा है, जिसके कारण जाम की समस्या बड़ी है। आने वाले दिनों में कार्य पूर्ण होने के बाद यहां जाम की स्थिति नहीं रहेगी। उन्होंने बताया कि आज कुछ नए स्पॉट चिन्हित कर वहां नई व्यवस्थाएं लागू की गई हैं, जिससे भी यातायात सुचारु होगा। सीओ ने आमजन से भी सहयोग की अपील करते हुए कहा कि यदि लोग यातायात नियमों का पालन करें।

# नैनीताल में लेक सिटी वेलफेयर कलब ने किया ऐपण प्रतियोगिता का आयोजन

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नगर की प्रतिष्ठित सामाजिक व सांस्कृतिक संस्था लेक सिटी वेलफेयर कलब के द्वारा विंटर कार्निवाल के तहत वीरवार को ऐपण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

बता दें प्रतियोगिता में 75 लोगों ने प्रतिभाग किया। इससे पूर्व प्रतियोगिता का शुभारंभ जिला पर्यटन अधिकारी अतुल भंडारी ने दीप प्रज्वलित कर किया।उन्होंने कहा कि कुमाऊंनी लोक चित्रकला की प्रमुख विधा ऐपण को जीवंत बनाए रखने के लिए हमें इस तरह की प्रतियोगिता का आयोजन करना जरूरी है।उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि हमें इस विधा को नवीन विद्या के साथ जोड़ते हुए इसका सामांजस करते हुए आगे बढ़ाना है। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार निहारिका साह जबकि द्वितीय पुरस्कार रीता पोखरिया व तृतीय पुरस्कार अंकिता रौतेला और सांत्वना पुरस्कार सुमन पंत तथा अनुष्का ने प्राप्त किया। इसके साथ ही प्रतिभागी पुरस्कार के रूप में 45 प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण किए गए जिसमें नीमा जोशी, मंजू पांडे, अंजलि, आशा बिष्ट ममता भाकुनी सहित 45 पुरस्कार वितरण किए। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को लक्ष्मी चौकी, धुलिअर्घ चौकी, जनेऊ चौकी,नवदुर्गा चौकी बनानी थी। निर्णायक ज्योति शाह तथा जानकी साह रहे। इस अवसर पर कलब के अध्यक्ष आभा साह ,सचिव सरिता त्रिपाठी समेत रमा भट्ट,खष्टी बिष्ट, रानी साह, विनीता पाण्डे,दीपा पांडे, हेमा भट्ट, जीवंती भट्ट, गीता साह, प्रेमा अधिकारी, नीरु साह, रमा लोहनी, सविता कुलारा, दया कुंवर, दीपिका विनवाल, अनुराधा भट्ट, मीनाक्षी कीर्ति, सरिता सिराला, वन्दना, भावना साह व पल्लवी आदि रहे।



## कंपनी में मुलाकात के बाद युवक किशोरी को लेकर फरार

रुद्रपुर। कोतवाली पुलिस ने नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक ग्राम मनौना, जिला रामपुर यूपी निवासी एक व्यक्ति ने कोतवाली रुद्रपुर में तहरीर दी। तहरीर में बताया कि उनकी 17 वर्षीय पुत्री एक कंपनी में कार्यरत थी। इसी कंपनी में कार्य करने वाले लखबीर सिंह पुत्र प्रदीप सिंह, एफ-एफ- गंगानगर, राजस्थान से उसकी जान-पहचान हुई।

# बेलगाम ई रिक्शा चालक ने एसआई ट्रैफिक की टक्कर मारी

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

घटना

● ट्रैफिक कर्मियों ने पीछा कर ई रिक्शा को पकड़ लिया, डीडी चौक पर यातायात व्यवस्था में थी तैनाती

नैनीताल हाईवे पर डीडी चौक पर बेलगाम ई-रिक्शा चालक ने यातायात उप निरीक्षक को टक्कर मार दी। बचने के दौरान वह काफी दूर तक ई-रिक्शा के साथ घसीटता चला गया। जिसमें उप निरीक्षक चोटिल भी हो गये। पुलिस ने चालक का चालान कर ई-रिक्शा सीज कर दिया। गुरुवार दोपहर यातायात उप निरीक्षक राम सिंह पंडित दीन दयाल चौक पर ड्यूटी कर रहे थे। इस दौरान एक ई-रिक्शा चालक रांग साइड से आता देख रोका तो ई-रिक्शा चालक ने बचने के लिए रफ्तार बढ़ा कर भागने का प्रयास किया। रफ्तार अचानक बढ़ाने पर यातायात उप निरीक्षक राम सिंह ई-रिक्शा की चपेट में आ गए। इसके बाद बचने के चक्कर में वह ई-रिक्शा से लटक कर डीडी चौक से महाराजा अग्रसेन चौक तक घसीटता चला गया। पीछे से भाग कर पुलिस कर्मियों ने ई-रिक्शा चालक को घेर कर पकड़ा। हालांकि यातायात उप निरीक्षक को अधिक चोट नहीं आई। पुलिस ने ई-रिक्शा चालक का चालान करने के बाद उसे सीज करने की कार्रवाई की। सीओ सिटी प्रशांत कुमार ने बताया कि यातायात नियमों का उलंघन करने वाले वाहनों पर कार्रवाई की जा रही है।

# क्रिसमस पर जगमग हुए नैनीताल व ज्योलीकोट के गिरिजाघर

नैनीताल

हमारे संवाददाता

सरोवर नगरी नैनीताल के साथ ही समीपवर्ती ज्योलीकोट में वीरवार को क्रिसमस डे के अवसर पर सभी चर्चों में विशेष प्रार्थना सभाएं आयोजित की गई, जिसमें स्थानीय लोगो के साथ ही पर्यटकों ने भी हिस्सा लिया।

नगर के माल रोड स्थित कैथोलिक चर्च और मैथोडिस्ट चर्च के साथ ही शहर के अन्य सभी चर्चो को सुंदर तरीके से सजाया गया है। सूखाताल स्थित सेंट जॉन्स चर्च, राजभवन स्थित सेंट निकोलस चर्च, सेंट फ्रांसिस होम तथा नामी स्कूलों के चैपल सहित विशप शॉ आदि में खास कार्यक्रम आयोजित किये गए। ईसाई समुदाय के लोगों ने प्रभु यीशु मसीह के जन्म को लेकर प्रार्थना की। इस दौरान मैथोडिस्ट चर्च के फ ादर्स अजय हैरिसन ने बताया कि क्रिसमस पर सभी चर्चों में खास प्रार्थना का आयोजन किया जाता है। और प्रार्थना के बाद सभी को केक वितरित किया गया।वहीं शहर के तल्लीताल स्थित कैथोलिक चर्च के फ ादर शेखर ने बताया कि शहर के चर्चो में शामिल कैथोलिक चर्च में मुखय कार्यक्रम होते हैं। चर्च व ईसाई समुदाय के लोगों ने प्रभु येशु के जन्म को लेकर प्रार्थना की। जिसके बाद मिस्सा बलिदान का आयोजन किया गया और फिर केक वितरण भी किया गया।इस दौरान अस्सिटेंट पादरी चंद्र पाल, संध्या ग्रीनवर्ड व मुकेश दास आदि मौजूद रहे। दूसरी ओर ज्योलीकोट में भी क्रिसमस का त्योहार धूमधाम और हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। संत एंथोनी चर्च में देर रात्रि और वीरवार की प्रातः विशेष प्रार्थना सभा में फ ादर नेल्सन ने विविध धार्मिक आयोजनों के साथ प्रभु यीशु के धरती पर जन्म लेने को ईश्वरीय घटना बताते कहां की मानवता की रक्षा के लिए परमपिता परमेश्वर ने मानव रूप में जन्म लिया और उन्होंने आपसी प्रेम भाईचारे सौहार्द का संदेश देते हुए समाज में व्याप्त असमानता को समाप्त करने के लिए अपना संपूर्ण जीवन लगा दिया।

चर्चा में बड़ी संखया में उपस्थित ईसाई समुदाय के लोगों ने कैरल गाकर खुशियों का इजहार किया और एक दूसरे को बधाई दी चर्च में आज दिन भर लोगों का आवागमन लगा रहा। इस मौके पर सिस्टर मैरी,शोभा,लौरा, प्रताप सिंह, माया,अजित रेफि यल, विमला स्टीफ न, विनोद व राजू, अनिल जेमस, सुमित, इमल्डा, कविता रेजिना, कल्पना पॉल, चार्ल्स व विजय सहित बड़ी संखया में लोग उपस्थित थे।



